**Terms of Reference**
**Consultant – Public Health Administration, NHSRC**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation. NHSRC intends recruiting Consultants for its Community Processes/Comprehensive Primary HealthCare Division, purely on a contractual basis.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a center of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been a number of personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

Public Health Administration Division (PHA) works on development of National public health policies/Governance/plans/programs and assists states and districts in implementation, through capacity development, supportive supervision and monitoring. It also informs the national policies and programs with the experiences gained from working at the grassroots. Some of the key areas of work of the PHA Division include:

**Model Health Districts Initiative** – The Division works with selected Districts to ensure provision of assured services to achieve the outcome of reducing the OOPE and improved overall health indicators of the district for various programs. Under the initiative, the Division provides technical support to identified District Hospital, SDH, and a chain of CHC, PHC and SC for provision of assured health services, particularly critical care services. Health facilities that comply with infrastructural, HR, quality and health systems requirements and optimally implement the health programs under NHM, qualify as 'Model Health Districts' and in turn serve as models for replication by other districts and states.

**Strengthening provision of Secondary Care** – The Division provides technical support to strengthen secondary care health facilities in terms of infrastructural requirements and technical protocols and for developing District Hospitals as 'Knowledge Hubs' by provision of DNB/CPS, nursing and paramedical courses. It also supports the states in developing prospective plan for district hospitals. Key areas under secondary care strengthening are:

- District hospital strengthening
- Family medicine
- MCH strengthening
- Revision of CEmONC/LSAS

**Public Health Governance -** Robust and accountable health systems governance remains a challenge within the public sector. Mechanisms for strengthening accountability and health systems risk management (such as morbidity audits, prescription audits, inventory and financial audits) are either inadequate or lacking. Neither is there a system to generate early warning signs about potential lapses in service delivery (particularly those which are critical, e.g. adverse event reporting). The division is working on the strengthening of Public Health Governance through Health System Indicator Tools enabling timely corrective actions to prevent untimely deaths and avoidable incidents.

- Maternal Death Surveillance Review & Child Death Review

- Clinical Governance
- Referral Transport
- Civil Registration System
- Citizen Charter

**Comprehensive Primary Health Care -** The Division has coordinated in drafting of operational guidelines in certain key areas of Comprehensive Primary Health Care. Guidelines cover the areas of Oral Health, Mental, Neurological & Substance Use Disorders, Emergency Services, Architectural Design of HWCs and RMNCH+A.

**Indian Public Health Standards (IPHS) -** The Division has drafted the revision of IPHS by aligning it with recent program initiatives. This is in the process of approval.

**National Urban Health Mission (NUHM) -** The Division works with relevant stakeholders in strengthening capacity of states in rolling out implementation of NUHM and also carries out supportive supervision and monitoring of various urban health activities.

**Public Health Management Cadre (PHMC) -** Division is supporting MoHFW in creating public health cadre within the existing health structure of the states. The13th CCHFW members resolved to commit to constitute Public Health Management Cadre in their States by March 2022 to achieve the goal of Health for All.

**Communicable diseases -** To provide implementation support as well as to review the progress of specific public health strategies under Communicable Disease Control programmes with a specific focus on COVID-19 related activities.

**<u>Opening for entry to PHA division as Consultant</u>**

The PHA Division is looking for young and dynamic public health professionals who are motivated to undertaken public health services. The applicant must be proactive and self-accountable with a strong work ethic and ability to work with minimum supervision and deliver within tight deadlines.

The applicant should be passionate about strengthening public health services with a vision of making good quality public health care services available and accessible to the most underserved and marginalised populations; and must have the zeal to continuously and strategically work towards realisation of that vision.

The selected candidate will have the unparalleled opportunity to work at a dynamic platform with the States and Districts and other stakeholders. The work will provide an enriching experience in understanding the public health challenges at various levels and developing and implementing strategies for problem solving.

The position is specifically for the requirement of One Consultant under the Public Health. The Position reports to Advisor-Public Health Administration and is on Contractual basis.

I) Essential:

- Graduate degree in MBBS/BDS, with either of the following Post-graduation or higher qualification:
  - Masters in Community medicine
  - Masters in preventive and social medicine
  - Masters in Public Health
  - PhD in Public Health
  - Masters in Business Administration in Hospital & Healthcare Management
  - Post graduate diploma in Health and Hospital management
  - Masters in Health Planning & Health Policy
  - Masters in Global Health
  - Masters in Environmental Health
  - Masters in Epidemiology
  - Masters in Health and Nutrition
  - Masters in Maternal and Child health
  - Post graduate diploma in Health and hospital management

- At least 2-years of post-PG qualification (degree/diploma) working experience, especially in core public health domains like Maternal and Child health/ NRHM/ NHPs/ RMNCH+A/ Health planning/ Health policy and advocacy/ Public Health system strengthening or Health Care Management. For MBBS having PG degree as mentioned in the ToR, 01Year of post qualification of work experience is required.
- Vibrant, dynamic, and highly motivated with a sense of initiative and ownership, and ready to take any responsibility assigned as a part of the team
- Ability to produce high quality written work, with great attention to detail, within tight deadlines
- Passionate about working on health systems issues, particularly for the poor and vulnerable population, and keen onworking on policy at national level, with a problem-solving approach
- Ability to question while bringing fresh and innovative ideas to the team; Should be observant and keen, with ability torespond appropriately in any situation
- Demonstrated ability to work in a multi-disciplinary team environment
- Demonstrated experience in Operationalizing health program at field level / working in strengthening of district level health systems
- Organizing workshops at national & state level for health infrastructure particularly critical care areas like High Dependency Unit, Operation Theatre, Labour Room, Labs, CSSD, etc.
- Willingness to travel to states & districts to provide technical assistance & ability to work on different assignmentssimultaneously to meet the timelines for assignments
- Computer proficiency with high levels of familiarity in commonly used packages like MS Word, Excel, Power Point and Websurfing to search relevant data and documents
- Excellent communication and presentation skills, analytical and interpersonal abilities, excellent oral and writtencommunication skills in English. Working knowledge of Hindi also desirable.

II) Desirable:

- Preference will be given to MBBS candidates, having Masters in Public Health/PhD in Public Health/ Post graduate diploma in Health and hospital management or PG Degree/ Diploma as mentioned in Essential.
- Demonstrated experience of working in public health at Block/ district/ state or national level
- Experience in working with state/district.

**Roles & Responsibilities:**

- Support in development of infrastructure component of IPHS relating to Public Health Institutions including layoutdesigns.
- Systematic collection, documentation & presentation of information on health system and health needs for providinginputs to key decision makers.
- Analysis of data from HMIS & its use for decision makers at central, state and district level.
- Support the PHA team in building capacities at district and state level for making state and district health plans and forreview & improving the plans, using both epidemiological and HMIS inputs and support on budgeting and financial planning as required by the poor performing states.
- Provide Technical Assistance in areas related to health systems strengthening such as Public Health Planning, HealthManagement Information Systems, etc.
- Undertake field visit to assess progress of Maternal / Child Death or Near Miss Reviews, Grievance redressal and incollection and development of background materials for publications of the Division.
- Support the Division in organization of national, regional and state level workshops and consultations for orienting Stateson specific technical areas.
- Maintain data base of all relevant documents/communications related to allocated work area.
- Any other duties that may be assigned by the PHA division.

**Age Limit:** Up to 40 Years (as on the date of receiving the application)
**Work Location:** New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts.

Travel to states and districts may be involved.

**Remuneration Range**: Between Rs. 60,000/- to Rs. 1,20,000/-
****Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.***

**Other Benefits:** In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance (Pending Approval from MoH&FW), Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Contract till 31st March 2023 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is **24th August 2021.**

## संदर्भ शर्तें
## कनसल्टेंट –सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन, एन.एच.एस.आर.सी.

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एन.एच.एस.आर.सी.) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के अंतर्गत स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए राज्यों की तकनीकी सहायता की जा सके और उनकी क्षमता बढ़ाने में मदद की जा सके। एन.एच.एस.आर.सी. को स्वास्थ्य नीति /कार्यक्रम तैयार करने और मूल्यांकन में योगदान करने का भी जनादेश प्राप्त है। एन.एच.एस.आर.सी. अपने सामुदायिक प्रक्रियाओं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रभाग के लिए विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर कनसल्टेंट की भर्ती करने का इच्छुक है।

वर्ष 2006 में आरंभ से ही, एन.एच.एस.आर.सी. अपने कार्यक्रम के लिए ज्ञान के कोष और उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य करता रहा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहे अनेक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ इस संगठन के पेशेवर संपर्क हैं। ऐसे अनेक व्यक्ति हैं जिन्होंने एन.एच.एस.आर.सी. को सेवाएं दी और स्नातक से लेकर पेशेवर जीवन की नई मंजिल पर पहुंचने तक अमूल्य अनुभव प्राप्त किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और इसकी प्रक्रियाओं में व्यापक अनुभव एन.एच.एस.आर.सी. की अनूठी विशेषता है।

यदि आप स्वास्थ्य संस्था और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध दल के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर कार्यान्वयन सहायता के बारे में अनुभव के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम हासिल करने में सक्षम होने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर उपलब्ध कराता है। कई विषयों एवं क्षेत्रों से संबंधित टीम के साथ कार्य करके आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, उत्कृष्ट देखभाल, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान खोजने, अपनाने, सह–सृजन और प्रचार–प्रसार में योगदान कर सकते हैं। यह स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, जिला एवं उप–जिला स्तर पर कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में सहायता करने का अवसर है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन विभाग (पी.एच.ए.) राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों/शासन/योजनाओं/कार्यक्रमों के विकास का कार्य करता है और क्षमता विकास, समर्थक पर्यवेक्षण और निगरानी के माध्यम से कार्यान्वयन में राज्यों और जिलों की सहायता करता है। यह जमीनी स्तर पर कार्य करने से प्राप्त अनुभव के साथ राष्ट्रीय नीतियों और कार्यक्रमों की सूचना भी देता है। पी.एच.ए. विभाग के कुछ प्रमुख कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं :

**मॉडल स्वास्थ्य जिला पहल** – यह विभाग ओ.ओ.पी.ई. कम करने के परिणाम हासिल करने के लिए आश्वस्त सेवाओं का प्रावधान सुनिश्चित करने तथा विभिन्न कार्यक्रमों के लिए समग्र स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए चुने हुए जिलों के साथ कार्य करता है। इस पहल के अंतर्गत यह विभाग पहचाने गए जिला अस्पतालों, एस.डी.एच. और सी.एच.सी., पी.एच.सी. एवं एस.सी. की श्रृंखला को विशेषरूप से महत्वपूर्ण देखभाल सेवाओं में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराता है। स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे, एच. आर. गुणवत्ता और स्वास्थ्य आवश्यकताओं को सुगम बनाने वाले तथा एन.एच.एम. के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आदर्श कार्यान्वयन वाले जिले "मॉडल स्वास्थ्य जिले" के लिए क्वालिफाई करते हैं और अन्य जिलों और राज्यों में अनुकरण के मॉडल के रूप में कार्य करते हैं।

**द्वितीयक स्तर की देखभाल के प्रावधान को मजबूत करना** – यह विभाग ढांचागत आवश्यकता और तकनीकी प्रोटोकोल तथा डी.एन.बी./सी.पी.एस. नर्सिंग और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के प्रावधान के माध्यम से "ज्ञान केंद्र" के रूप में जिला अस्पतालों को विकसित करने के लिए द्वितीयक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत करने के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराता है। यह जिला अस्पतालों के लिए भावी योजना विकसित करने में राज्यों की सहायता भी करता है। द्वितीयक स्तर की देखभाल को मजबूत करने के प्रमुख क्षेत्रों में निम्नलिखित शामिल हैं :

- जिला अस्पताल को मजबूत करना

- फैमिली मेडिसिन उपलब्ध कराना
- एम.सी.एच. को मजबूत करना
- सी.ई.एम..ओ..एन.सी. / एल.एस.ए.एस. का प्रावधान

**सार्वजनिक स्वास्थ्य शासन** – गतिशील और उत्तरदायी स्वास्थ्य प्रणाली शासन सार्वजनिक क्षेत्र में चुनौती रहा है। उत्तरदायित्व और स्वास्थ्य जोखिम प्रबंधन (जैसे मृत्यु दर लेखा परीक्षा, दवा लिखने की लेखा परीक्षा, सूची और वित्तीय लेखा परीक्षा) को मजबूत करने के लिए व्यवस्था अपर्याप्त हैं या उनका अभाव है। सेवा वितरण में संभावित खामी (विशेषरूप से जो महत्वपूर्ण हैं अर्थात प्रतिकूल घटनाओं की रिपोर्ट करना) के बारे में शीघ्र चेतावनी देने के संकेत सृजित करने के लिए कोई प्रणाली नहीं है। यह विभाग असमय मृत्यु और परिहार्य घटनाओं को होने से रोकने के लिए समय से सही कार्रवाई करने में सक्षम स्वास्थ्य संकेतक टूल्स के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य शासन को मजबूत करने का कार्य कर रहा है।

- मातृत्व मृत्यु निगरानी समीक्षा और बाल मृत्यु समीक्षा
- क्लीनिकल शासन
- रेफरल परिवहन
- नागरिक पंजीकरण प्रणाली
- सिटिजन चार्टर

**व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल** – इस विभाग ने व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के निश्चित प्रमुख क्षेत्रों में परिचालन दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार करने में समन्वय किया है। इन दिशानिर्देशों में ओरल हेल्थ, मानसिक, स्नायुविज्ञान एवं मादक पदार्थ सेवन संबंधी विकारों, आपातकालीन सेवाओं, एच.डब्ल्यू.सी. और आर.एम.एन.सी.एच.+ए के आर्किटेक्चुरल डिजाइन के क्षेत्र शामिल हैं।

**भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (आई.पी.एच.एस.)** – इस विभाग ने हाल की कार्यक्रम पहल के साथ तालमेल बैठाते हुए आई.पी.एच.एस. के संशोधन का मसौदा तैयार किया है। यह अनुमोदन की प्रक्रिया में है।

**राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एन.यू.एच.एम.)** – यह विभाग एन.यू.एच.एम. के कार्यान्वयन में राज्यों की क्षमता को मजबूत करने में संबंधित पक्षों के साथ कार्य करता है तथा विभिन्न शहरी स्वास्थ्य गतिविधियों का समर्थक पर्यवेक्षण और निगरानी भी करता है।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन काडर (पी.एच.एम.सी.)** – यह विभाग राज्यों की मौजूदा स्वास्थ्य संरचना में सार्वजनिक स्वास्थ्य काडर बनाने में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का समर्थन कर रहा है। 13वें सी.सी.एच.एफ.डब्ल्यू. में सदस्यों ने सबके लिए स्वास्थ्य का लक्ष्य हासिल करने के लिए मार्च 2022 तक अपने राज्यों में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन काडर गठित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**संचारी रोग** – संचारी रोग कार्यक्रमों के अंतर्गत कार्यान्वयन समर्थन उपलब्ध कराने के साथ–साथ विशिट सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीतियों की प्रगति की समीक्षा करने के साथ कोविड–19 संबंधी गतिविधियों पर विशेष ध्यान देना।

**कनसल्टेंट के रूप में पी.एच.ए. विभाग में प्रवेश के लिए अवसर** – पी.एच.ए. विभाग को युवा और ओजस्वी सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों की तलाश है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करने के लिए प्रेरित हों। आवेदक के पास अतिसक्रिय और स्वयं के प्रति उत्तरदायी होने के साथ कार्य संबंधी ठोस नैतिकता और न्यूनतम पर्यवेक्षण और समयसीमा के सख्त अनुपालन के साथ कार्य करने की क्षमता होनी चाहिए।

आवेदक में सर्वाधिक वंचित और सीमांत जनसंख्या के लिए अच्छी गुणवत्ता की सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं उपलब्ध एवं सुगम–सुलभ कराने के विजन के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का जुनून होना चाहिए तथा उस विजन को साकार करने के लिए निरंतर एवं रणनीतिक रूप से कार्य करने का उत्साह होना चाहिए।

चुने गए उम्मीदवार को राज्यों और जिलों तथा अन्य संबंधित पक्षों के साथ गतिशील मंच पर कार्य करने का लाजवाब अवसर मिलेगा। यह कार्य विविध स्तरों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों को समझने और समस्या के समाधान के लिए रणनीतियां कार्यान्वित करने का समृद्ध अनुभव उपलब्ध कराएगा।

यह पद विशेषरूप से सार्वजनिक स्वास्थ्य के अंतर्गत एक कनसल्टेंट की आवश्यकता के लिए है। इस पद पर नियुक्त व्यक्ति सलाहकार–सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन को रिपोर्ट करता है और यह अनुबंध आधार पर है।

**शैक्षिक योग्यता और अनुभव :**

1) **आवश्यक :**

एम.बी.बी.एस./बी.डी.एस. में स्नातक उपाधि के साथ निम्नलिखित में से कोई स्नातकोत्तर या उच्च शिक्षा :

- सामुदायिक मेडिसिन में स्नातकोत्तर
- निवारक और सामाजिक मेडिसिन में स्नातकोत्तर
- सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर
- सार्वजनिक स्वास्थ्य में पी.एच.डी.
- अस्पताल और स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में बिजनस प्रशासन में स्नातकोत्तर
- स्वास्थ्य एवं अस्पताल प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य नीति में स्नातकोत्तर
- वैश्विक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर
- पर्यावरणीय स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर
- महामारी विज्ञान में स्नातकोत्तर
- स्वास्थ्य एवं पोषण में स्नातकोत्तर
- मानसिक एवं बाल स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर
- स्वास्थ्य एवं अस्पताल प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

– शैक्षिक योग्यता (उपाधि/डिप्लोमा) के बाद विशेषरूप से मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य / एन.आर.एच.एम./एन.एच.पी.एस./आर.एम.एन.सी.एच.+ए/स्वास्थ्य नियोजन/स्वास्थ्य नीति एवं एडवोकेसी/सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना या स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन जैसे प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्रों में कम से कम दो वर्ष का कार्यानुभव । संदर्भ शर्तों में उल्लेखित अनुसार स्नातकोत्तर उपाधि धारक एम.बी.बी.एस. के लिए शैक्षिक योग्यता के बाद 01 वर्ष का कार्यानुभव अपेक्षित है।
– गतिशील, ओजस्वी और अत्यधिक प्रेरित होने के साथ पहल और स्वामित्व की भावना तथा टीम के अंग के रूप में दी गई कोई भी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार।
– उच्च गुणवत्ता का लिखित कार्य प्रस्तुत करने की क्षमता के साथ समयसीमा के सख्ती से अनुपालन करते हुए विस्तार पर पूरा ध्यान
– स्वास्थ्य प्रणाली संबंधी मुद्दों पर विशेषरूप से गरीबों एवं वंचित जनसंख्या के लिए कार्य करने का जुनून तथा समस्या समाधान के दृष्टिकोण के साथ राष्ट्रीय स्तर पर नीति के बारे में कार्य करने को उत्सुक
– सीखने के लिए ताजगीभरे एवं नए विचार प्रस्तुत किए जाते समय प्रश्न पूछने की क्षमता, किसी भी स्थिति में समुचित रूप से प्रतिक्रिया व्यक्त करने की क्षमता के साथ अवलोकन क्षमता के साथ उत्सुक होना चाहिए
– अनेक विषयों से संबंधित टीम के वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता
– क्षेत्र स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित करने में/जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने में काम करने का प्रदर्शित अनुभव
– स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे विशेषरूप से उच्च निर्भरता इकाई, ऑप्रेशन थियेटर, प्रसव कक्ष, प्रयोगशालाओं, सी.एस.एस.डी.

इत्यादि जैसे देखभाल के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करना
– तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छा और कार्य के लिए समयसीमा का पालन करने के लिए विभिन्न कार्य एक साथ करने की क्षमता
– एम.एस. वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट और प्रासंगिक आंकड़े एवं दस्तावेज खोजने के लिए वेबसर्फिंग जैसे आमतौर से उपयोग किए जाने वाले पैकेज में उच्च स्तर की जानकारी के साथ कंप्यूटर में प्रवीणता
– उत्कृष्ट संचार एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतःवैयक्तिक गुण, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लेखन कौशल। हिंदी का कार्यकारी ज्ञान भी वांछनीय है।

2) वांछनीय :

- एम.बी.बी.एस. उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी, जैसा कि उल्लेख किया गया है सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर/सार्वजनिक स्वास्थ्य में पी.एच.डी./स्वास्थ्य एवं अस्पताल प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा आवश्यक है।
- ब्लॉक/जिला/राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य में कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव
- राज्य/जिले में कार्य करने का अनुभव

**भूमिकाएं एवं जिम्मेदारियां :**

- लेआउट डिजाइन सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाओं से संबंधित आई.पी.एच.एस. के ढांचागत घटक के विकास में समर्थन
- प्रमुख निर्णय लेने वालों को सुझाव उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली एवं स्वास्थ्य जरूरतों के बारे में जानकारी का व्यवस्थित संग्रह, प्रलेखन और प्रस्तुति।
- केंद्रीय, राज्य और जिला स्तर पर निर्णय लेने वालों के लिए एच.एम.आई.एस. के आंकड़ों का विश्लेषण और उपयोग
- राज्य एवं जिला स्वास्थ्य योजनाएं बनाने के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण में पी.एच.ए. टीम का समर्थन करना तथा योजनाओं की समीक्षा एवं सुधार के लिए महामारीवैज्ञानिक एवं एच.एम.आई.एस साधनों का उपयोग करना तथा खराब प्रदर्शन वाले राज्यों के लिए आवश्यक बजट एवं वित्तीय योजना बनाने के बारे में समर्थन।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन, स्वास्थ्य प्रबंधन, सूचना प्रणालियों इत्यादि जैसी स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने संबंधी क्षेत्रों में तकनीकी सहायता उपपलब्ध कराना।
- मातृत्व/बाल मृत्यु की प्रगति की समीक्षा या लक्ष्य हासिल करने में करीबी चूक की स्थिति की समीक्षा, शिकायत समाधान और विभाग के प्रकाशनों के लिए पृष्ठभूमि सामग्री के संग्रह और विकास के लिए क्षेत्रों की यात्रा करना।
- राज्यों को विशिष्ट तकनीकी क्षेत्रों के बारे में परिचित कराने के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं राज्य स्तरीय कार्यशालाएं एवं परामर्श आयोजित करने में विभाग का समर्थन करना।
- आवंटित कार्य क्षेत्र संबंधी सभी प्रासंगिक दस्तावेज/संचार का डेटा बेस अनुरक्षित करना
- कोई अन्य कार्य जो पी.एच.ए. विभाग सौंप सकता है।

**आयु सीमा** : 40 वर्ष तक (आवेदन प्राप्त होने की तिथि को)

**कार्य स्थलः** पद नई दिल्ली में है। राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य का अनुभव लेने का अवसर। राज्यों और जिलों की यात्रा भी शामिल हो सकती है।

**पारिश्रमिक सीमाः** 60,000/– से 1,20,000/– रुपये के बीच
**' इस बैंड में दी जाने वाली फीस, योग्यता और अनुभव पर आधारित होगी।**

**अन्य लाभ :** उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धियों के अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र का कनसल्टेंट निशुल्क दुर्घटना

बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से अनुमोदन लंबित), मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति, लैपटॉप की प्रतिपूर्ति ( राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र  की नीति के अनुसार), 30 दिन का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार पूर्ण रूप से सवेतन मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), कार्य प्रदर्शन से जुड़ा प्रोत्साहन, टी.ए. / डी.ए. और ऑन–ड्यूटी विजिट के लिए दैनिक

**अनुबंध की अवधि** : 2 वर्ष के साथ समान अवधि के लिए विस्तार (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के विषयाधीन)

इस साक्षात्कार में चयनित उम्मीदवारों पर छभ्ैत्ब में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जा सकता है, जिनके लिए समान कौशल सेट और उचित स्तर की आवश्यकता होती है

**आवेदन कैसे करें**: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे एन.एच.एस.आर.सी. की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org).पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन को सही ढंग से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24 August 2021 है।